
**Annexure – XXVI**


# डा. आर. एस. टोलिया
**मुख्य सूचना आयुक्त**




## उत्तरांचल सूचना आयोग
सैक्टर 1, सी–10, डिफैन्स कालोनी, देहरादून
फोन : (0135) 2666778 / 2666779
फैक्स :
ई–मेल : rs_tolia@rediffmail.com


पत्रांक : 107/उ.सू.आ./मु.सू.आ./2005
दिनांक : 27 दिसम्बर 2005

प्रिय

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को प्रदेश में हर स्थान पर सुगमता से क्रियान्वित करने के लिए आयोग को प्राप्त हो रहे सुझावों में से एक सुझाव के संबंध में आज दूरभाष पर हुई वार्ता का कृपया संदर्भ करने का कष्ट करें.

2. आयोग को यह सुझाव प्राप्त हुआ है कि किसी भी लोक सूचना अधिकारी/अपील प्राधिकारी तथा राज्य सूचना आयोग को द्वितीय अपील प्रस्तुत करने के लिए डाक से भी प्रार्थना पत्र/ प्रथम अपील/ द्वितीय अपील की सुविधा उपलब्ध करायी जानी चाहिए. चूंकि सूचना का अधिकार एक वैधानिक रूप से क्रियान्वित हो सकने वाला अधिकार है. अतः आवश्यक होगा कि डाक से भेजे गये प्रार्थना पत्र/ अपील को प्रार्थी/ अपीलकर्ता द्वारा इस प्रकार से प्रेषित किया जाय जिससे उसके पास प्रेषण करने का दिनांक सहित प्रमाण उक्त प्रार्थना/ अपील का संबंधित पक्ष को प्राप्ति का भी दिनांक सहित प्रमाण उसे वापस प्राप्त होना आवश्यक होगा. बिना उपरोक्त प्रेषण और प्राप्ति के प्रमाणों के आयोग के द्वारा प्रार्थी को कोई सहायता अधिनियम के अन्तर्गत सुलभ करायी जानी संभव न हो सकेगी.

3. अतः वार्तानुसार कृपया यह अवगत करायें कि "डाक द्वारा" उपरोक्त सुविधा को प्रदेश के किसी भी स्थान से प्रेषित करने के लिए, दोनों स्तरों पर प्रमाण सहित, किस प्रकार की सुविधायें डाक और तार विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा सकती हैं.

4. यह स्पष्ट है कि यदि उपरोक्त सुविधा डाक व तार विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा सकती हो तब कई प्रकरणों में उपरोक्त व्यवस्था के माध्यम से अधिनियम के अन्तर्गत सुविधा प्राप्त करना व्यक्तिगत रूप से कार्यालयों में जाने के सापेक्ष कहीं अधिक सस्ता व सुगम हो जायेगा.

5. अनुरोध है कि कृपया वार्तानुसार विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें. यदि यह सुविधाजनक पाया जाता है तब इसके लिए उक्त अधिनियम के अन्तर्गत नियम प्रख्यापित किये जाने के संबंध में विचार किया जाना होगा.

6. अलग से, जैसी वार्ता हुई, कृपया यह भी अवगत कराने का कष्ट करें कि पूरे प्रदेश में विभिन्न जनपदों और गांवों के स्तर पर पोस्टल नेटवर्क की जनपदवार व्यवस्था की स्थिति वर्तमान में क्या है?

भवनिष्ठ,

**(आर. एस. टोलिया)**

**श्री भूपाल राम**
सहायक चीफ पोस्टमास्टर जनरल
उत्तरांचल, देहरादून